an>

Title: Need to construct check dams on the rivers flowing through Sabarkantha in Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे निर्वाचन क्षेत्र साबरकांठा में अरावली पर्वत गृहमाला है, यह पहाड़ों से अच्छादित है। यहां ट्राइबल और जीव-जन्तु रहते हैं। यहां बारिश के मौसम के बाद पानी मिलना मुश्किल होता है, पीने के पानी से लेकर किसानों के खेती के पानी उपलब्ध नहीं होता है। अपना घर, खेत और जमीन छोड़कर अन्य जगह पर जाना पड़ता है। इसके आसपास हाथमती जलागार, धरोरिम, माजूम और वातरेक डैम उपलब्ध हैं। मेरी संबंधित मंत्रालय से आग्रहपूर्वक विनती है कि इस जल परियोजना के माध्यम से पानी को पहाड़ी विस्तार में पहुंचाने के लिए पानी को लिफ्ट किया जाए जिससे हर खेत को पानी मिले। यहां से गुजर रही नदियों के ऊपर मजबूत चैक डैम बड़ी मात्रा में बनाएं जाएं जिससे पानी का ज्यादा संग्रह हो सके और भूजल में पानी का लेवल ज्यादा हो।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री रोड़मल नागर और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री डी.एस. राठौड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।